हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर, 2023

12 फर्राटा दौड़ में हलवासिया विद्या विहार के वंश और वर्षा विजेता



12 एबीवीपी ने सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन



## खबर संक्षेप

### एचटेट अभ्यर्थियों परिणाम जल्द होगा अपडेट

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने आज यहाँ जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा.2023 ;एचटेट का परीक्षा का परिणाम 18 दिसम्बर को घोषित किया जा चुका है। परीक्षा परिणाम घोषणा से पूर्व अभ्यर्थियों को विभिन्न जिलों में स्थापित वैरीफिकेशन केन्द्रों पर वैरीफिकेशन के लिए बुलाया था।

### चौधरी चरणसिंह की जयंती पर होगा सम्मेलन

**भिवानी।** चौधरी चरण सिंह की जयंती पर 24 दिसंबर को लोहारू के सिंघानी गांव में आयोजित किए जा रहे अन्नदाता सम्मेलन में भारी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ेगी। ये दावा भाजपा नेता जितेन्द्रनाथ एडवोकेट ने तोशाम क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लोगों को अन्नदाता सम्मेलन में पहुंचने का न्योता देते हुए किया।

### रोडवेज कर्मि 24 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

**भिवानी।** सरकार द्वारा मानी गई मांगों को लागू नहीं करने के विरोध में आगामी 24 दिसंबर को प्रदेशभर के रोडवेज कर्मचारी सीएम सिटी करनाल में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में डिपो प्रधान अनिल फौजी व बिजेंद्र मित्ताथल की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में मंच संचालन सचिव अनिल नागर व राजकुमार तालू ने किया।

### पचेरवाल बने कष्ट निवारण समिति के सदस्य

**भिवानी।** भाजपा महासंपर्क अभियान के जिला संयोजक रमेश पचेरवाल को जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर वीरवार को विश्राम गृह में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। पचेरवाल ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल , सांसद धर्मवीर सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, विधायक घनश्यामदास सर्राफ का आभार जताया।

### मकान में मिली 14 पेटी अवैध देशी शराब

**तोशाम।** पुलिस ने राजीव नगर स्थित मकान के अंदर से 14 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब को काबू कर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुखबिरी के आधार पर पुलिस को सूचना मिली थी कि तोशाम के राजीव नगर स्थित मकान में एक युवक अवैध शराब बेचने के लिए रखे हुए है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर जाकर छापेमारी कार्रवाई की तो मकान के अंदर सीडीओ के साथ में अवैध शराब रखी मिली।

### रोहन कुमार ने किया तीन विद्यालयों का निरीक्षण

**लोहारू।** मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रोहन कुमार ने गुरूवार को लोहारू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए सोहांसरा व बिसलवास के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और शिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीईओ विजय प्रभा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुशासन सहयोग ने तीनों विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं।

### उपराष्ट्रपति की मिमिक्री को तूल देना एक साजिश

**भिवानी।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला प्रधान कुलदीप फौगाट ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जब देश का अन्नदाता अपने हकों के लिए सड़कों पर बैठा था तथा उस समय 750 किसान काल का ग्रास बने थे, जब किसान को आतंकी एवं तालिबानी बोला जा रहा था, जब विश्वभर में देश की साख बढ़ाने वाली पहलवान बेटियां यौन शोषण के खिलाफ धरने पर बैठी थी।

---

### विधायक सर्राफ व एसपी के आश्वासन के बाद दुकानदारों ने बाजार खोला

# चोरी हुए सामान की बरामदगी व चोर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बाजार बंद

**दुकानदार बोले, चोरी के आरोपी नहीं पकड़े गए तो रविवार को होगी पंचायत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विगत में लाखों रुपये ही चोरी की बरादमगी की मांग को लेकर गुरूवार को शहर के दुकानदारों ने बाजार बंद रखा। इस दौरान दुकानदारों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी ने दुकानदारों का समर्थन किया और कानून व्यवस्था फेल होने का आरोप लगाया। बाद में मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ व पुलिस अधीक्षक डॉ. वरूण सिंगला ने जल्द आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। तब जाकर प्रदर्शन बाजार खोलने को राजी हुए।

दुकानदारों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया वे रविवार को बाजार में दुकानदारों की पंचायत बुलाएंगे। तय कार्यक्रम के हिसाब से सुबह से ही व्यापारी अपनी दुकान बंद कर किरोड़ी मंदिर के पास इकट्ठा होने लगे।

धीरे-धीरे सराय चौपटा से बिजली गेट के अलावा कपड़ा बाजार बर्तन बाजार गौशाला मार्केट के व्यापारियों ने भी अपनी दुकान बंद कर किरोड़ी मंदिर पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए। वक्ताओं ने चोरी की घटनाओं पर रोष जताया। साथ ही कहा कि चोरी की घटना को डेढ सप्ताह से अधिक का समय बीत गया,लेकिन अभी तक कोई





भिवानी। दुकानदारों को आश्वासन देते विधायक घनश्याम सर्राफ व एसपी व किसी अप्रिय घटना से बचने के बाजार में तैनात पुलिस बल। *फोटो : हरिभूमि*

कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसको लेकर दुकानदारों में रोष व्याप्त है। इस दौरान दुकानदारों ने नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि 6 दिसम्बर को नया बाजार में हजारों रुपये की चोरी हुई। उस बारे में पुलिस को शिकायत की,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। उसके बाद 13 दिसम्बर को बिचला बाजार इलाके में चोरी हुई।

वहां पर करीब 18 से 20 लाख रुपये के सामान को चोर ले गए। उस बारे में भी पुलिस से शिकायत की,पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। जिसको लेकर दुकानदारों में जबरदस्त रोष है। धरने की जानकारी मिलते ही पूर्व सीएलपी लीडर किरण चौधरी भी मौके पर पहुंची।

उन्होंने सरकार को फेलियर घोषित करार दिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का पूरी तरह से दिवाला पिट चुका है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। धरना स्थल पर विधायक किरण चौधरी ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। दौरान



भिवानी। दुकानदारों द्वारा बंद रखे गए बाजार का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### जल्द आरोपियों की गिरफ्तार का दिया आश्वासन

*सूचना मिलते ही विधायक घनश्याम सर्राफ व पुलिस अधीक्षक डॉ. वरूण सिंगला धरना दे रहे दुकानदारों के पास पहुंचे। उन्होंने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करवाए जाने का आश्वासन दिया। तब जाकर दुकानदार दुकानें खोलने को राजी हुए। इस दौरान नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष भानु प्रकाश ने चोरी का माल बरामद व भविष्य में चोरी की घटना पर रोक लग, इसके लिए सख्त कदम उठाने की मांग की पुलिस अधीक्षक ने राइडर बढ़ाने और पैदल गस्त लगाने का आश्वासन दिया ताकि व्यापारियों में भय का वातावरण खत्म हो सकें।*

व्यापारियों ने कहा कि अगर 23 तक कार्यवाही नहीं हुई तो वे सामाजिक संगठनों व व्यापारियों के साथ बैठक कर फिर से आंदोलन करने पर बाध्य हो जाऐंगे। जिसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

---



लोहारू। लोहारू बोहरा धर्मशाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मौजूद लाभार्थी और अधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

## लोहारू सहित गागड़वास और बिसलवास पहुंची संकल्प यात्रा

- मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ने यात्रा के दौरान किया जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं का पात्र उम्मीदवारों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए कथित रूप से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का लोहारू अनाजमंडीए बोहरा धर्मशाला में भव्य स्वागत किया गया। वहीं गांव बिसलवास और गागड़वास में भी इस यात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया तथा मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रोहन ने लोगों से जनसंवाद किया। नगरपालिका सचिव तेजपाल सिंह, बिल्डिंग इंसपेक्टर राकेश कुमार, भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोड़का, दौलराम सौलंकी आदि ने बौहरा धर्मशाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया।

वहीं इस मौके पर स्वास्थ्य विभागए भारत गैस ऐजेंसी सहित अनेक विभागों की लगाई गई स्टॉल के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उधर बिसलवास और गागड़वास में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रोहन ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर पहला हक पात्र लाभार्थियों का हैए प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय बढ़ाने करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बीपीएल परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा रही है।

सरकार द्वारा ऐसे गरीब परिवारों का चूल्हा चलाने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रही है। इस दौरान रोहन कुमार ने जिप वायस चेयरपर्सन सुनिता जांगड़ा के साथ विभागों की स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ सालों में केंद्र की मोदी सरकार और मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए।

---

## यूडाइस को लेकर विद्यालय मुखियाओं को दिया प्रशिक्षण



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यूडाइस को लेकर मीटिंग का आयोजन में संबोधित करते हुए सिम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यूडाइस को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग 10 बजे आयोजित होगी।

जिसमें सुबह 10 से 12 बजे तक राजकीय व 12 से 2 बजे तक निजी विद्यालयों के मुखियाओं का भाग लिया। प्रशिक्षण देने के लिए खंड के सिम में सतेन्द्र व जगदीप पहुंचे और दोनों चरणों में आयोजित में उपस्थित विद्यालय मुखियाओं को प्रशिक्षण दिया। सिम सतेन्द्र व जगदीप ने उपस्थिजनों को बताया कि समय पर सही प्रकार से यूडाइस प्रपत्र को भरकर कलस्टर पर जमा करवाना है ताकि किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए।

### वाटरपोलो की टीम के एसडीएम को दी बधाई

**भिवानी।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय प्रशासनिक खेल प्रतियोगिता में हरियाणा की वाटरपोलो टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया है। एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा विजेता टीम के सदस्य रहे हैं। वाटरपोलो में तीसरा स्थान हासिल करने में विभिन्न विभागों के जिलाकारियोंए कर्मचारियों ने एसडीएम श्री करवा को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्वीमिंग पूल में अखिल भारतीय प्रशासनिक खेलों की वाटरपोलो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया, जिसमें भिवानी के एसडीएम करवा टीम का हिस्सा रहे। इस टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। भिवानी पहुंचने पर करवा को अधिकारियों व कर्मचारियों ने बधाई दी।

## कृषिमंत्री ने किया शहर का औचक निरीक्षण

- विभिन्न स्थानों पर देखी सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

प्रधानमंत्री मोदी का नारा है कि स्वच्छ वातावरण के साथ शहर, प्रदेश और देश को सुंदर बनाना है। इसी सोच के साथ काम करते हुए शहर को गंदगी मुक्त करें और निरंतर कूड़ा उठान सुनिश्चित करके सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए। प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने शहर के औचक निरीक्षण के दौरान नगर परिषद, जनस्वास्थ्य व लोक निर्माण विभाग को ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन्हें दादरी व भिवानी में सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की निगरानी का जिम्मा दिया है। इस माह की शुरूआत में स्वच्छता



चरखी दादरी। शहर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते कृषिमंत्री दलाल।

पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया था और आज बिना किसी सूचना के औचक निरीक्षण कर शहर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया गया है, इसको लेकर अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दे दिए गए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान महेन्द्रगढ़ चुंगी, चिड़िया मोड, बिचला बासा, किकर वासनी और कूडा निस्तारण स्थल का जायजा लिया और कई स्थानों पर जो कमियां मिली है। उन्होंने अधिकारियों को कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविन्द्र मांढी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र परमार, एडीसी एवं डीएमसी डॉ. जयेन्द्र सिंह, एसडीएम नवीन सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---

### एसडीएम बोले, कब्जा खुद हटाए नहीं तो होगी कार्रवाई

# एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को चेताया

- एसडीएम मुख्य बाजार की गलियों में होते हुए दुकानदारों से रूबरू हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने वीरवार को एक बार फिर कस्बे के दुकानदारों से अतिक्रमण हटाए जाने की अपील की। एसडीएम मुख्य बाजार की गलियों में होते हुए दुकानदारों से रूबरू हुए और कस्बे की व्यवस्था ठीक करने में सहयोग की अपील की। वीरवार को एसडीएम मनोज कुमार दलाल अतिक्त्रमण को लेकर पुनः दुकानदारों से रूबरू हुए। एसडीएम ने पुराना अस्पताल मार्ग से आरम्भ होकर कस्बे के बीचोंबीच बाजार,



तोशाम। बाजार का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

पुराना थाना चौक, मुख्य चौक, मुख्य चौक से सुरेंद्र सिंह चौक, सुरेंद्र चौक से बस स्टैंड व पुराना बस स्टैंड के पास स्थित गलियों से होते हुए दुकानदारों से हटाने की अपील की। साथ ही एसडीएम ने दुकानदारों को चेताया कि इसके उपरांत भी अतिक्त्रमण नहीं हटाया तो कार्रवाई होगी। इस दौरान सरपंच राजेश तंवर, सुरेंद्र शर्मा व अन्य पंचायत सदस्य साथ रहे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि मेरा तोशाम मैं ही संवारू अभियान के साथ जुड़ें व कस्बे को सुंदर बनाएं।

#### व्यापारियों व सामाजिक संगठनों से मांगा सहयोग

मालूम हो कि एसडीएम इससे पहले व्यापारी संगठनों व सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक कर तोशाम के व्यापारियों व सामाजिक संगठनों से तोशाम के सौन्दर्यकरण के लिए एक अभियान चलाने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने अभियान का नाम मेरा तोशाम मैं ही संवारू देते हुए दुकानदारों व आमजन से अभियान से जुड़ने की अपील की है। एसडीएम ने कस्बे के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा है कि दुकानदार स्वयं अतिक्त्रमण को हटाएं। एसडीएम ने पुनः दोहराया कि दुकानदार स्वयं अतिक्त्रमण नहीं हटाते हैं तो कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि कस्बे में अनेक दुकानदारों ने अपनी दुकानों से सामान निकालकर बाहर रख लिया है। जिसकी वजह से बाजार के रास्ते तंग हो गए। ऐसे में वाहनों के आने पर बाजार में जाम लगना आम बात हो गई। जिसको लेकर गुरुवार को एसडीएम ने बाजार का निरीक्षण किया और दुकानदारों के चेताया।

## रेजीडेंट वेलफेयर एसो. ने सफाई की उठाई मांग

- स्वच्छता पखवाड़े की सच्चाई जानने को सेक्टर-23 का दौरा करें मंत्री व अधिकारी : नेहरा
- प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकार स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ो रुपये पानी की तरह बहा रही है, इसके बावजूद शहर का पॉश इलाका सेक्टर-23 प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी की मार झेलते हुए गंदगी से अटा हुआ है। इस बारे में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सेक्टर-23 में पिछले दो वर्षो से बंद पड़ी सफाई व्यवस्था को पुनः चालू करवाने पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से वीरवार को सेक्टर-23 में एसोसिएशन की बैठक हुई। एसोसिएशन के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता राकेश नेहरा ने कहा कि बुधवार को कृषि मंत्री जेपी दलाल ने शहर का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया था, लेकिन कृषिमंत्री सेक्टर-23 का दौरा करना भूल गए, ऐसे में वे कृषिमंत्री से मांग करते हैं कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा चलाए स्वच्छता पखवाड़े की सच्चाई जानना चाहते है कि स्क्टर-23 का दौरा करें, ताकि वे क्षेत्र के नारकीय हालात से रूबरू हो सके। उन्होंने कहा कि सेक्टर-23 में पिछड़े दो वर्षो से झाडू तक नहीं लगी, सड़क टूटी, सीवरेज व्यवस्था ठप, पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं तथा खाली प्लॉटों में झाड़ियां उगी हुई है।



रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री

### लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों, लीगो** के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

### मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैंथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

### पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

### लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

### ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका





**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

### साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री





**न्यूजीलैंड** के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *

### फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



**ब्राजील की** राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

---

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

## सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

---

छोटी कहानी / विनीता

## हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *

---



कविता / प्रकाश मनु

## क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

---

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा



निरीक्षा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिमि दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

## खबर संक्षेप

### बाढ़ड़ा में रामभक्तों ने निकाली शोभा यात्रा

**बाढ़ड़ा।** अयोध्या नगर से पूजित होकर पहुंचे अक्षत के साथ वीरवार को बाढ़ड़ा कस्बे में कलश यात्रा निकाली गई। विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में निकाली गई इस यात्रा में रामभक्तों में खासा उत्साह देखने को मिला। रामभक्तों दवरा 37 कलश के साथ दादरी रोड़ से लोहारू रोड़ स्थित बालाजी मंदिर तक डीजे पर थिरकते हुए जय श्रीराम के नारों के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न गांवों में कार्यक्रम लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में वीरवार को जिला के कादमा और सिरसली गांवों में यात्रा के तहत लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### चैक लिस्ट विवरणों में 24 तक कर सकते हैं शुद्धि

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव एवं सचिव ज्योति मित्तल ने बताया कि सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक वार्षिक परीक्षा मार्च.2024 के सरकारी व गैर सरकारी स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयी व गुरूकुल विद्यापीठ के परीक्षार्थियों की विवरणों में शुद्धि 24 तक ऑनलाइन कर सकते है।

### बदलाव यात्रा राजनीति पर डालेगी असर

**बवानीखेड़ा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता औम प्रकाश बुवानीवाला ने बताया कि संचालित बदलाव यात्रा बड़ा बदलाव लाएगी और यह यात्रा बवानी खेड़ा से गुजरेगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कर्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।

### सीपीआईयू बैठक का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग के लिए एबीआरसी राज कुमारी द्वारा सभी मुखियाओं को पहुंचने के लिए निमंत्रण दिया। जिसमें कलस्टर के सभी विद्यालय के मुखियाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी: किरण

**भिवानी।** गांव बापोड़ा में पूर्वमंत्री एवं तोशाम से विधायक किरण चौधरी का भव्य स्वागत किया। कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने किरण चौधरी का स्वागत किया। इस अवसर किरण चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं, कार्यकर्ताओं का मान सम्मान उनकी प्राथमिकता है।

### व्यावसायिक प्रशिक्षण से माइनिंग पर लगेगी रोक

**तोशाम।** गांव खानक स्थित पहाड़ में खनन करने वाली सरकारी कंपनी एचएसआईआईडीसी ने खनन कार्य में प्रशिक्षण देने के लिए करीबन 25 लाख रुपये की लागत से बनाए माइनिंग व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया।

### राजकीय कन्या स्कूल में हुई स्पैल बी प्रतियोगिता



**बाढ़ड़ा।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाढ़डा में हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे पठन संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत खंड स्तरीय स्पैल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 वर्ग और 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी हरपाल आर्य ने जानकारी देते हुए वीरवार को बताया कि छात्रों में भाषाई कौशल विकसित करने के लिए खंड स्तरीय स्पैल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक को किया जा चुका है सम्मानित

# बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाएं गणित तभी होगा उनका डर दूर: सुनील बजाज

### बच्चों के दिमाग से गणित के हौवा को करेंगे दूर

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

अक्सर बच्चे गणित को हौवा मानते हैं और इससे दूर भागते हैं। लेकिन गुरुग्राम स्थित एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक सुनील बजाज ने पजल सहित अनेक ऐसे ऐसे फार्मूले अपनाएं हैं और प्रदेश के विद्यालयों में शिक्षकों को मीटिंग करके इसके बारे में गहनता से बताया जिसके चलते उन्हें कई मर्तबा सम्मानित भी किया जा चुका है और इसका असर शिक्षकों सहित विद्यार्थियों में दिखाई दे रहा है।

#### आज ऑनलाइन होगी मीटिंग

गणित को और रौचक बनाने के लिए शुक्रवार को दोपहर डेढ़ से ढ़ाई बजे तक डाइट फैकल्टी, डीएमएस, सभी स्तर के शिक्षक, बीआरपी, एबीआरसी, एमएड, एमएससी, बीएससी, बीएड विद्यार्थी, आंगनवाड़ी वर्कर इस मीटिंग में ऑनलाइन भाग लेंगें। जिसमें विशेष ध्यान रखा जाएगा की गणित को किस प्रकार से आसान बनाकर बच्चों के दिमाग में इसे सही प्रकार से बिठाया जाए ताकि वे इसे हौवा न समझकर सामान्य समझें और इसमें बाजी मार सकें।

#### राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता होगी आयोजित

गुरूग्राम स्थित एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक सुनील बजाज ने बताया कि राज्य परिषद विशेष तौर पर ऑनलाइन राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतियोगिता भी करवाएगा, जिसमें विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भाग लेंगें। जिसमें चार विभिन्न श्रेणी, कॉमिक गणित कहानियां, भारतीय योगदान, गणित कायोंर्, पहेलियां और गणितीय खेलों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिससे शिक्षकों को अधिक बाल केन्द्रित कायोंर् के बारे में सोचने में मदद मिलेगी और इसके अलावा चयनित कहानियों, खेला, पहेलियों का एक संग्रह तैयार किया जाएगा। कायोंर् को संदर्भ सामग्री के रूप में तैयार और साझा किया जाएगा। ताकि गणित विषय को आसानी और बहुत अच्छे रोचक तरीके से सीखने के लिए सभी गणित अध्यापक विशेष तौर पर सभी बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाए।

#### विद्यालयों में होंगी विभिन्न गतिविधियां

कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय गणित दिवस पर भारतीय गणितज्ञ रामानुजन केजीवन पर आधारित फिल्म को दिखानाए गणित विषय पर विशेष तौर से प्रश्नोतरी प्रतियोगिता कराना, गणित मेला लगवाना, गणित विषय पर पोस्टर मेकिंग स्किट, अनुमान, पजल आधारित आदि गणिविधियां आयोजित करवाना शामिल है। ताकि बच्चे गिनती करना,ऊँचाई का अनुमान लगाना, लंबाई और चौड़ाई का अनुमान लगाना, ठोस और तरल वस्तुओं के आयतन का अनुमान कर सकें।

# जेपी दलाल करेंगे गीता जंयती महोत्सव का शुभारंभ

- 22 दिसंबर से किरोड़ीमल पार्क में आयोजित हो रहा है दो दिवसीय गीता महोत्सव
- शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे हवन यज्ञ के साथ गीता महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किरोड़ीमल पार्क में 22 दिसंबर से दो दिवसीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 दिसंबर को सुबह साढ़े नौ बजे हवन.यज्ञ के साथ होगा। कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्य अतिथि गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। विधायक घनश्याम सर्राफ गीता महोत्सव में विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपायुक्त नरेश नरवाल महोत्सव की अध्यक्षता करेंगे। गीता जंयती महोत्सव के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि गीता महोत्सव शानदार ढंग से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्त्राम में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्त्रामों की प्रस्तुती दी जाएगी। दो दिवसीय गीता महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ.साथ विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकादी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर को गीता महोत्सव में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि तथा बवानीखेड़ा से विधायक बिसम्बर वाल्मीकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 23 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा दोपहर बाद दो बजे से चार बजे तक नगर में शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

## चुनाव तहसीलदार सिवाच ने नेटबॉल टीम के कप्तान भारद्वाज को किया सम्मानित



**भिवानी।** खेलों की बदौलत जिले को पूरे विश्व में एक अलग पहचान मिली है, यहां के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा का लोहा विश्व स्तर पर मनवाया है। खेल में जीत के लिए प्रतिभा के साथ-साथ अच्छे नेतृत्व की भी बराबर की हिस्सेदारी होती है, ये बात चुनाव तहसीलदार जयवीर सिवाच ने कही। चुनाव तहसीलदार वीरवार को पंचायत भवन में गांव धारेडू निवासी एवं गांव भाखड़ा के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पीटीआई प्रवीण भारद्वाज को सम्मानित कर रहे थे। बता दें कि पीटीआई प्रवीण हरियाणा की नेटबॉल टीम के कप्तान है तथा उन्हीं के नेतृत्व में हरियाणा की नेटबॉल टीम ने 41वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया था। भारद्वाज की उपलब्धि पर वीरवार को चुनाव तहसीलदार जयवीर सिवाच ने उन्हे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल से न केवल खिलाड़ियों, बल्कि समाज व देश की तरक्की भी जुड़ी होती है, इसीलिए प्रत्येक युवाओं को खेलों में अपनी भागीदारी कर राष्ट्र की तरक्की में योगदान देना चाहिए।

### निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम

**बाढ़ड़ा।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत रामबास क्लस्टर में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के सफल क्त्रियान्वयन के लिए सीपीआईयू मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का आयोजन रामबास क्लस्टर के स्कूल राजकीय उच्च विद्यालय माई खुर्द में किया गया। क्लस्टर के मेंटर बलराम ने बताया कि इस निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत इस मीटिंग का आयोजन किया जाता है जिसमें शिक्षकों द्वारा निपुण कक्षाओं को पढ़ाने के दौरान आई चुनौतियों पर चर्चा की जाती है। अपनाई गई बेहतर शिक्षण प्रक्त्रियाओं और चुनौतियों के साथ बच्चों के सीखने के स्तर पर चर्चा हुई है और कार्य के दौरान आने वाली अकादमिक चुनौतियों को आपस में संवाद कर कम करने का प्रयास किया गया है ।

# अहंकार छोड़ धर्म की राह पर चलें

- भारत देश श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की पावन पवित्र भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन ऊर्जा एवं कारागार मंत्री चौ. रणजीत सिंह व अन्य।

प्रदेश के ऊर्जा एवं कारागार मंत्री चौ. रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि इंसान को सब तरह के अहंकार को छोडक़र धर्म की राह पर चलना चाहिए। दान-धर्म की जड़ हमेशा हरी होती है। भारत देश श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की पावन पवित्र भूमि है। भारत की संस्कृति समृद्घ है और महान है।

ऊर्जा एवं कारागार मंत्री चौटाला वीरवार को देवसर मोड़ पर निर्माणाधीन अखंड भारत माता मंदिर के मुख्य द्वार के शिलान्यास समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मंदिर के निर्माण में हर संभव अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अखंड भारत माता मंदिर का निर्माण बहुत अच्छा प्रयास है। यह मंदिर एक शिक्षक का कार्य करेगाए जो एक पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पहले स्वामी विवेकानंद और स्वामी दयांनद आदि महान संतों ने अपने उपदेश से समाज को नई दिशा दी,उसी प्रकार से वर्तमान में माईजी और कैलाश गिरी जैसे संत समाज को सही राह पर चलने का संदेश दे रहे हैं। ऊर्जा मंत्री चौटाला ने कहा कि भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनने की राह है। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बन रहा है, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे।

## ज्यादा से ज्यादा किसान मजदूर महिलाएं पहुंचने का किया आह्वान

# 24 की किसान मजदूर महापंचायत का न्यौता

### संयुक्त किसान मोर्चा की भिवानी शहर बिचला बाजार में आपात बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित बैठक में उपस्थित लोग।

संयुक्त किसान मोर्चा के जिला नेतृत्व की किरोड़ीमल मंदिर के पास आपात बैठक हुई, मीटिंग की अध्यक्षता युवा कल्याण संगठन के सरक्षंक कमल सिंह प्रधान ने की । इस बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया है कि 24 दिसम्बर को बहल के पास ओबरा गांव में होने वाली किसान मजदूर महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा किसान मजदूर पहुंचेगे । उन्होंने कहा कि यह महापंचायत किसानों व मजदूरों के प्रमुख राष्ट्रीय नेता व पूर्व प्रधान मन्त्री चौधरी चरण सिंह की 121 वीं जयन्ती मनाने के लिए आयोजित की जा रही है,इस महापंचायत में किसानों , मजदूरों व महिलाओं के मुद्दों पर बातचीत की जाएगी तथा शासक पार्टी द्वारा किसानों मजदूरों के विरुद्ध दमनकारी व तानाशाही नीतियां लागू की जा रही हैं , उन पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा वैकल्पिक संघर्ष की रूप रेखा बनाई जाएगी । उन्होंने कहा कि भाजपा व राज्य के कृषि कल्याण मन्त्री आए दिन किसानों व उनकी महिलाओं बारे अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हैं , उनकी मनमानी व तानाशाही पर लगाम लगाने की ताकत संगठित की जाएगी । ताकि भविष्य में वे अन्ददाता व उनकी महिलाओं के अपमान का दुःसाहस न कर सकें । गौरतलब है कि गिगनाऊ की 9 दिसम्बर की महापंचायत में भी उनको ऐसा अमर्यादित आचरण नहीं करने के लिए आगाह किया गया था ,परन्तु वे अपनी तानाशाही प्रवृति से बाज नहीं आ रहे है , अब अपनी झेंप मिटाने के लिए किसानों के महान नेता चौधरी चरण सिंह की जयन्ती का सहारा लेकर किसान हित का ढोंग रचा रहे हैं, जबकि हमेशा चौधरी चरण सिंह के विचारों के खिलाफ भाजपा ने काम किया है और वह आज भी किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है । इस 24 दिसम्बर की ओबरा महापंचायत का आयोजन स्योराण खाप व संयुक्त किसान मोर्चा कर रहे हैं , इसमें सांगवान खाप, फोगाट खाप, जाटू खाप, जय किसान संगठन के अलावा अन्य कई खापों व जनसंगठनों ने शामिल होने की सहमति दी है । संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने शहर में व्यापारियों के बंद में शामिल होकर व्यापारियों की मागों का समर्थन किया तथा जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है कि चोरियों की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाए तथा चोरी किए गये माल को शीघ्र बरामद किया जाए तथा व्यापारियों व आम जन की सुरक्षा मजबूत की जाए ।

#### बैठक में ये रहे शामिल

आज की बैठक में किसान सभा से रामफल देशवाल, कामरेड ओमप्रकाश , प्रताप सिंह सिंहमार , ग्राम स्वराज मोर्चा से जोगेन्द्र तालू, व्यापार मण्डल से जेपी कोशिक , बाबू नन्द किशोर अग्रवाल , कामरेड रवि खन्ना , मजदूर संगठन सीटू से सुखदेव पालवास , पूर्व एमसी बलवान शामिल थे ।

### योजनाओं का लाभ देना ही यात्रा का उद्देश्य

**तोशाम।** जन कल्याणकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को क्षेत्र के झांवरी व लक्ष्मणपुरा में पहुंची। इस दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया और कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, उज्ज्वला योजना समेत कई अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ दे रही है। विभिन्न विभागों द्वारा स्कूल परिसर में स्टॉल लगाए गए थे, जिन पर जाकर ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और लाभ उठाया।

# महासम्मेलन को लेकर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित बैठक में उपस्थित मंत्री जेपी दलाल व भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य।

भाजपा कार्यालय में कृषि मंत्री ने सिंघानी में 24 दिसंबर को आयोजित होने वाले अन्नदाता महासम्मेलन को लेकर पदाधिकारियों की बैठक ली और ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचने का अनुरोध किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने की। बैठक में 24 दिसंबर को जिला के गांव सिंघानी में होने वाले अन्नदाता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान ने दी। बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भीड़ के हिसाब से यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रत्येक किसान के हित को ध्यान में रखते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है, जिनका फायदा किसानों को मिला है तथा भाजपा किसान हितैषी नीतियों से ही प्रभावित होकर किसान अधिक से अधिक तादात में किसान सम्मेलन में पहुंचेंगे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने हजारों करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश की नहरों व माईनरों का नवनिर्माण करवाने का काम किया है, इससे नहरों की पानी क्षमता बढ़ी है तथा टेल तक पूरा पानी पहुंचा है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिला है और पैदावार में भी बढोतरी हुई है।

# अनुबंधित सफाई कर्मियों को जल्द जारी करें वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर दिखावा किया जाता है, लेकिन सफाई कर्मचारियों को समय पर मेहनताना तक नहीं मिलता, जिसकारण उन्हें धरने प्रदर्शन, हड़ताल करने पर मजबूर होना पड़ता है। लोगों के घरों से कचरा उठाकर शहर को साफ सुथरा रखने वाले स्वच्छता प्रहिरियों के साथ ऐसा व्यवहार बेहद निराशाजन हैं। सरकार को इस पर संज्ञान लेकर अतिशीघ्र इनका वेतन जारी करवाना चाहिए, ताकि वे अपना घर चला सके। ये बात कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मनीषा सांगवान ने प्रेस को जारी बयान में कही। कांग्रेस नेत्री मनीषा ने कहा कि पहले सफाई कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर दो दिन की हड़ताल रखी। वहीं वीरवार को अनुबंधित सफाई कर्मचारियों व ऑटो टीपर चालकों ने वेतन देने की मांग को लेकर धरना देना पड़ा है, इन सफाई कर्मचारियों को नाममात्र का वेतन मिलता है, उसी से वे जैसे-तैसे कर अपना घर चलाते हैं, लेकिन उसके लिए भी उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है और फिर भी समाधान नहीं होने पर मजबूरन धरने पर बैठना पड़ता है।

### सिंघानी में अन्नदाता महासम्मेलन 24 को

**चरखी दादरी।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह के जन्मदिवस पर गांव सिंघानी में 24 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस अन्नदाता महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन में जिले से हजारों किसान भाग लेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल किसान सम्मान दिवस में मुख्यतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। आयोजन स्थल पर पंडाल को अलग-अलग सेक्टर में विभाजित किया गया है। महिलाओं को बैठने के लिए अलग सेक्टर बनाया गया है। मंच के समीप मीडिया गैलरी की स्थापना की गई है। कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से बनाने के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल भी बनाए गए हैं।

## रक्त से बड़ा नहीं कोई दान, रक्तदान से बचाए लोगों की जान: डुडेजा

# शिविर में 44 युवाओं ने नि:स्वार्थ किया रक्तदान

- चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** रक्तदाताओं को बैज व प्रमाण सौंपते राजेश डूडेजा व अन्य।

शहर मे तेजी से फैल रहे वायरल व अन्य बीमारी के मरीजों के लिए रक्त की डिमांड बढ़ती जा रही है। रक्त ही एक मात्र ऐसा जीवनदायिनी पदार्थ है, जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं हो सकता। रक्त की कमी को स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करने से ही पूरा किया जा सकता है, रक्त से बड़ा कोई दान नहीं हैं, इसलिए बढ़चढ़कर रक्तदान कर जरुरतमंदों की जान बचाएं, ये बात शतकवीर रक्तवीर राजेश डूडेजा ने कही। गुरुवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में भूषण मुंजाल की दिवंगत धर्मपत्नी शैली मुंजाल की स्मृति में लगाए रक्तदान शिविर का शुभारंभ आयोजक भूषण मुंजाल की माता तारावंती व रक्तवीर राजेश डूडेजा ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज एवं प्रमाण पत्र भेंट किए। भूषण मुंजाल ने बताया कि युवाओं को रक्तदान जैसे कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए, ताकि जरुरतमंदों की मदद हो सकते और कोई रक्त के अभाव में जान न गंवाए। शिविर के दौरान दिवंगत शैली मुंजाल के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर में 44 युवाओं ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। शतकवीर डुडेजा ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है, रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि की जांच होना हैं। आयोजक भूषण मुंजाल ने अतिथियों का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि कैंपों से जरुरतमंदों तक रक्त पहुंचता है जो सबसे बड़ा कार्य है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. मोनिका सांगवान, डॉ. मनीष, गुलशन मुंजाल, संजय कामरा, राजेश मुंजाल, गर्वित मुंजाल, जतिन मुंजाल, जान्हवी मुंजाल, नर्सिंग अधिकारी सुभाष, नर्सिंग सिस्टर इशवंती, स्टाफ नर्स सुमन व रक्तदाता सतीश आदि मौजूद रहे।

# छात्रों में वैज्ञानिक सोच का विकास करना जरूरी

- जीवन का आधार है विज्ञान ,छात्रों में वैज्ञानिक सोच पैदा करती है विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि अपने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक चिंतन और कार्य का समावेश करें। हम हर पल विज्ञान को जीते हैं तथा अज्ञानता में उन सब चीजों को जान नहीं पाते। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हम इस प्रकार के चिंतन का समावेश कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आमजन के लिए विज्ञान तभी हो पाएगा, जब विद्यालयों से निकलने वाले विद्यार्थियों में वैज्ञानिक तर्कशीलता, विवेचन, विश्लेषण का समावेशन उनके नवप्रवर्तनओं की सोच में होगा। एसडीएम गुरवार को आरोही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्र.छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने बेहतरीन मॉडल बनाने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि विज्ञान जीवन का आधार है। विज्ञान के चिंतन में डूबने वाले लोग ही नया आविष्कार करते हैं। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ता है और उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही बनेगा भारत पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्रः दलाल

**खास बातें**

- हजारों लोगों ने शपथ लेकर लिया भारत को विकसित बनाने का संकल्प
- मुख्यमंत्री ने अंत्योदय की भावना से कार्य करके गरीब लोगों को पहुंचाया सरकारी योजनाओं का फायदा : वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शपथ दिलाते हुए।

प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश उन्नति की नई बुलंदिया छू रहा है। नरेन्द्र मोदी ने एक सपना देखा है कि जब हम वर्ष 2047 में हमारे देश की आजादी की 100 वीं वर्षगांठ मना रहे हो तो तब हमारा देश पूर्णरूप से विकसित हो, यह सपना निश्चित तौर पर साकार होगा।

उन्होंने कहा कि देश के विकास में हम सभी का योगदान जरूरी है। कृषि मंत्री दलाल वीरवार को गांव केलंगा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में बवानी खेड़ा से विधायक बिसम्बर वाल्मिकी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी सुनाया गया।

दलाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कृषि एवं पशु पालन के साथ.साथ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है, जिसको लेकर आयुष्मान भारत व चिरायु हरियाणा जैसी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जहां पहले बीमार होने पर गरीब व्यक्ति ईलाज करवाने में कर्ज के नीचे दब जाता थाए वहीं आज सरकार ने चिरायु कार्ड के तहत साल में पांच लाख रूपए तक का इलाज गरीब व्यक्तियों के लिए निःशुल्क किया है। इसी प्रकार से सरकार लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में हर व्यक्ति का योगदान जरूरी है। हमारा कर्त्तव्य बनता है कि हम भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देखे गए भारत को विकसित बनाने के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। इसके लिए हमें आत्म निर्भर भी बनना होगा। कृषि मंत्री ने यहां पर लगाई स्टालों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। वहीं दूसरी और गांव ढाणी जंगा में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश उपाअध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई।

**हजारों लोगों ने विकसित भारत की शपथ ली**

हजारों लोगों ने भारत को विकसित बनाने में योगदान की शपथ के माध्यम से लिया संकल्प कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों ने विकसित भारत की शपथ ली। शपथ के माध्यम से नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। नागरिकों ने शपथ ली कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे तथा नागरिक होने का कर्त्तव्य निभाएंगे।

**प्रदेश में बिना भेदभाव हुए विकास कार्य**

विधायक बिसम्बर वाल्मीकि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में अंत्योदय की भावना से कार्य करते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति को सरकारी की योजनाओं का फायदा दिया है जिससे हर और को सीधा सीधा लाभ पहुंचा है। प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए गए हैं। बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र में भी सभी गांव में विकास कार्य करवाए गए हैं। केंद्र और रा'य सरकार की कल्याणकारी नीतियों की लोगों को विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप


भिवानी। आयोजित धरने में उपस्थित किसान।

### किसानों का समर्थन करने पहुंचे किसान नेता

**भिवानी।** प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है तथा किसानों को बर्बाद करना चाहती है। पहले जहां किसानों को बिना मुआवजा दिए उनके खेतों में टॉवर लगाए जा रह थे, वहीं अब बिना मुआवजा दिए उनके खेतों के बीच से रिफाईनरी लाईन को बिछाया जा रहा हैए जिसकी ऐवज में भी किसानों को मुआवजा नहीं दिया जा रहा।


लोहारू। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समीर चौधरी।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष समीर कई गांवों का दौरा

**लोहारू।** हलका युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष समीर चौधरी ने जन जागरण अभियान के दौरान लोहारू हलके के गांव कुड़ल बास, ढिगावा जाटान, ढिगावा शामियान, ढाणी लक्ष्मण, भूंगला, अमीरवास और बुढेड़ा गांव के ग्रामीणों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान समीर चौधरी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी है।


तोशाम। जिप चेयरपर्सन अनीता मलिक का स्वागत करती महिलाएं।

### तोशाम से हजारों अन्नदाता सम्मेलन में पहुंचेंगेः मलिक

**तोशाम।** चेयरपर्सन अनिता मलिक का गुरुवार को क्षेत्र के गांव छपार में पहुंचने पर महिलाओं व ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं व पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान चेयरपर्सन मलिक ने एक करोड़ रुपये की राशि से छपार से पिंजोखरा का रोड बनवाने, सात लाख रुपये की राशि से एक बस क्यू शेल्टर बनवाने, एक ट्रैक्टर व पानी के टैंकर देने तथा पांच लाख रुपये की राशि से शौचालय निर्माण की घोषणा की।

## हलवासिया विद्या विहार में अंतर विद्यालय खेल महोत्सव का आयोजन

# फर्राटा दौड़ में हलवासिया विद्या विहार के वंश और वर्षा विजेता

- स्कूली स्तर पर ही खेल प्रतिभाओं को निखारना जरुरी : नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। हलवासिया स्कूल में खेल महोत्सव की बोरी दौड़ में भाग लेते विद्यार्थी व हलवासिया स्कूल में खेल महोत्सव के शुभारंभ पर मौजूद अतिथिगण।

हलवासिया विद्या विहार में अंतर विद्यालय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में मुख्यतिथि जिला मौलिक शिक्षा शिक्षा अधिकारी संतोष नागर, विशिष्ट अतिथि के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप, प्रसिद्ध समाजसेवी जवाहर मिताथलिया, पूर्व पार्षद नरेंद्र सर्राफ, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रूपेंद्र रंगा, केरियर प्लैनेट विद्यालय के मैनेजमेंट सदस्य यतींद्रनाथ, नीमड़ीवाली विद्यालय की प्राचार्या अनीतानाथ व प्रेमनगर विद्यालय की प्राचार्या सारिका खुराना ने शिरकत कर भव्य खेल समारोह का आगाज किया।

विद्यालय के राज्य व राष्ट्रीय स्तर पदक विजेता देव, अनुज, सिया व सृष्टि ने अतिथियों को मशाल देकर चारों दिशाओं में भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय प्रशासक दीवानचंद रहेजा, प्राचार्य विमलेश आर्य, उपप्राचार्या सरला शर्मा, विभाग प्रमुख राजेंद्र नरूला, सुवीरा गर्ग व काउंसलर मोहिनी महता ने अतिथियों को स्मृति चिह्न, पुष्पगुच्छ व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मुख्यतिथि ने शपथ दिलवाकर खेलों की शुरूआत की। नागर ने कहा कि स्कूली स्तर से ही खेल प्रतिभाओं को निखारना व पहचानना जरूरी हैं, ताकि भविष्य में वे देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सके। महोत्सव में सर्वाधिक अंकों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ विद्यालय की ट्रॉफी हलवासिया स्कूल के नाम रही, लेकिन आयोजक होने के नाते द्वितीय स्थान पर रहे संत रोशन लाल विद्यालय को विजेता ट्रॉफी दी गई। वहीं सभी विद्यालयों में लड़कों में हलवासिया स्कूल के वंश तथा लड़कियों में हलवासिया की वर्षा व वामिका संयुक्त रूप से बेस्ट एथलीट रही।

**ये रहे परिणाम**

लड़कों की 100 मीटर रेस (फर्राटा) में हलवासिया विद्या विहार से वंश ने प्रथम, संत रोशनलाल स्कूल ढ़ाणी माहू से धीरज ने द्वितीय, एससीआर स्कूल चरखी दादरी से अर्पित ने तृतीय, लड़कियों की रेस में हलवासिया की वर्षा ने प्रथम, एससीआर स्कूल चरखी दादरी की प्राची ने द्वितीय, संत रोशनलाल की मुस्कान ने तृतीय स्थान जीता। 200 मीटर लड़कों हलवासिया के वंश ने प्रथम, एससीआर स्कूल चरखी दादरी के अभिषेक ने द्वितीय, संत रोशनलाल के सुमित ने तृतीय, लड़कियों में एससीआर स्कूल चरखी दादरी की खुशी ने प्रथम, हलवासिया की वर्षा ने द्वितीय, केसीएम आर्मी की अंकुश ने तृतीय स्थान जीता। 400 मीटर रिले रेस लड़कों में एससीआर स्कूल चरखी दादरी ने प्रथम, संत रोशनलाल ने द्वितीय, केसीएम आर्मी ने तृतीय, लड़कियों में हलवासिया ने प्रथम, संत रोशनलाल ने द्वितीय तथा केसीएम आर्मी ने तृतीय स्थान जीता। महोत्सव के दौरान मंच संचालन आचार्या मीनाक्षी अग्रवाल व कविता जिंदल ने किया। इस अवसर पर आचार्या अनुराजा, सुवीरा गर्ग, स्पोर्ट्स इंचार्ज रामभगत, प्रीति यादव, नोडल ऑफिसर हरिश्चंद्र, आचार्य सव्य, सचिन भारद्वाज, एनसीसी कैडेट्स सिमरन, इशिका, प्रांतिका, चित्राक्षी व इशु आदि मौजूद रहे।

**पंकज व दीक्षांत तथा वामिका व खनक विजेता**

*थ्री लैग रेस लड़कों में हलवासिया के पंकज व दीक्षांत ने प्रथम, वैश्य मॉडल के चिराग व रोहित ने द्वितीय, एससीआर स्कूल के प्रतीक व तनुज ने तृतीय, लड़कियों में हलवासिया की वामिका व खनक ने प्रथम, केसीएम आर्मी की प्रिया व वंशिका ने द्वितीय, संत रोशनलाल की मिशिका व खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्प लड़कों में हलवासिया के वंश ने प्रथम, संत रोशनलाल के निखिल ने द्वितीय,एससीआर चरखी दादरी के नितिन ने तृतीय, लड़कियों में ग्लोबल स्कूल की ललिता ने प्रथम, हलवासिया की वामिका ने द्वितीय, संत रोशन लाल की प्रेक्षा ने तृतीय स्थान जीता। शॉट पुट लड़कों में सेंट जेवियर स्कूल के आरुष ने प्रथम, हलवासिया के अमुल ने द्वितीय, एससीआर के रौनक ने तृतीय, लड़कियों केसीएम आर्मी की नीतू ने प्रथम, संत रोशन लाल की पायल ने द्वितीय तथा एससीआर चरखी दादरी की प्रियांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया।*


भिवानी। गांव जाटु लोहारी स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय में पौधरोपण करते अतिथिगण।

# पौधरोपण कर छात्रों को बताया स्वच्छ पर्यावरण का महत्व

- पर्यावरण असंतुलन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई का ही परिणाम

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

पृथ्वी पर जीवन एवं खूबसूरती पेड़-पौधों की बदौलत ही है, लेकिन आज इंसान अपने स्वार्थ के कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई कर रहा है, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करने की जरूरत है, ये बात गांव जाटु लोहारी स्थित राजकीय कन्या वमा विद्यालय में पौधरोपण करते हुए त्रिवेणी बाबा व प्रेमप्रकाश महता ने कही। बता दें कि स्वर्गीय नीता मेहता की स्मृति में प्रेमप्रकाश मेहता सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर अतिथियों व परिजनों ने कहा कि मनुष्य को अपने परिजनों की याद में पौधरोपण करने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा के रूप में आशीर्वाद मिलता रहे है। यही नहीं किसी भी खुशी के मौके पर पौधरोपण कर उसके संरक्षण का भी जिम्मा उठाना चाहिए।

### ग्राम स्वराज्य किसान विचार गोष्ठी कल

**भिवानी।** ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा द्वारा 23 दिसंबर को चौधरी चरणसिंह की जयंती पर गांव कुंगड़ में किसान विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों को ग्राम स्वराज्य एवं गौ आधारित टिकाऊ परंपरागत खेती के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही ग्राम स्वराज्य व गौ आधारित टिकाऊ परंपरागत खेती की जागरूकता के लिए चलाए जा रहे हैं। किसान विचार गोष्ठी को सफल बनाने के उद्देश्य से वीरवार को को मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक युवा प्रधान लीलाराम पहलवान के नेतृत्व में किसानों ने गांव रोहणात, बोहल सिप्पर गांवों में निमंत्रण अभियान चलाया और महिलाओं को विचार गोष्ठी में शामिल होने का न्योता दिया।

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज आज

**चरखी दादरी।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 दिसंबर को सुबह दस बजे दादरी के विधायक सोमबीर सांगवान यज्ञ-हवन के साथ इस दो दिवसीय महोत्सव का शुभांरभ करेंगे। इस दौरान दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी और प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। शनिवार 23 दिसंबर को नगर से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। हर बार की तरह इस बार भी दादरी में जिलास्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। भारत से भी बाहर विदेशों में इसका आयोजन होने के कारण इस महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय का दर्जा दिया गया है। 22 व 23 दिसंबर को शहर के झाड़ सिंह चौक के नजदीक सरकारी स्कूल में आयोजन किया जा रहा है। दादरी के विधायक सोमबीर सांगवान गीता महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत गीता यज्ञ से होगी। इस अवसर पर सरकारी विभागों और सामाजिक संस्थाओं की ओर से मनोहारी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महोत्सव में दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।




### बच्चों को दिया मंच, अभिभावक हुए गदगद

*चरखी दादरी। एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ में प्राथमिक विभाग प्रभारी पूजा शर्मा के निर्देशन में मेरा बालक मेरी शान नाम से पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों को विद्यालय की शिक्षा-प्रणाली, कक्षाओं के विभिन्न पहलुओं और बच्चों के विकास की योजना के बारे में सूचित किया। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने अभिभावकों को शिक्षा-प्रणाली में सहयोगी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न विषयों के बारे में अभिभावकों को सूचित किया, जिससे उन्हें बच्चों की शिक्षा में सकारात्मक रूप से योगदान देने का स्पष्ट दृष्टिकोण मिला। उन्होंने कहा कि हम अध्यापकों के लिए एचडी स्कूल का प्रत्येक विद्यार्थी महत्वपूर्ण है, जब बालक सफलता को चूमता है तो अध्यापक और अभिभावक दोनों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।*

# श्रममंत्री ने अवैध खनन की जांच को लेकर दिए आदेश

- उपायुक्त स्वयं करेंगी मामले की जांच, मंत्री ने की परिवादों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी


चरखी दादरी। कष्ट निवारण समिति की बैठक में समस्या स्वास्थ्य मंत्री अनूप।

अवैध खनन के मामले में विभाग एवं अधिकारियों की ओर से दी गई जांच रिपोर्ट को उपायुक्त मनदीप कौर स्वयं चैक करेंगी और अगर इसमें अधिकारियों या विभाग की गलती मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। श्रममंत्री अनूप धानक ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में ये निर्णय लिया है। एक शिकायतकर्ता द्वारा पिछली बैठक में अवैध खनन को लेकर परिवाद दर्ज करवाया था, जिसपर श्रममंत्री ने अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी से जांच करवाने के निर्देश दिए थे। समिति की बैठक में मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हुए तो श्रम मंत्री ने कमेटी, विभाग व अधिकारियों द्वारा दी गई रिपोर्ट को चैक करने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर को कहा है और आदेश दिए हैं कि अगर रिपोर्ट गलत मिलती है तो संबंधित विभाग व अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

*ओवरलोड वाहनों से यातायात होता प्रभावितः बैठक में अवैध खनन की शिकायत के दौरान विधायक सोमबीर सांगवान ने कहा कि जिले में ओवरलोड वाहन चलते हैं, जिसकारण यातायात प्रभावित होता है और सड़कों को भी नुकसान होता है। इस पर श्रम मंत्री ने आटीओ को निर्देश दिए कि प्रयाप्त टीम बनाकर लगातार चैकिंग सुनिश्ति करें। दादरी में कॉलेज निर्माण को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से जमीन चिन्हित कर मामला स्वीकृति के लिए सरकार को भेज दिया गया है।*

*श्रम मंत्री ने उद्घाटनः श्रममंत्री धानक ने दादरी दौरे के दौरान लघु सचिवालय परिसर में कई परियाजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें खेड़ी बत्तर में अनुसूचित जाति चौपाल का नवीनीकरण, नौसवा में अनुसूचित जाति चौपाल का नवीनीकरण, झोझूकलां में आंबेडकर भवन का उद्घाटन, पंचगांव में कन्या गुरुकुल कॉलेज व लोहरवाड़ा में अनुसूचित जाति चौपाल का उद्घाटन शामिल है।*

# एबीवीपी ने सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन, समाधान की उठाई मांग

- 28 की परीक्षा स्थगित करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। सीबीएलयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के पदाधिकारी।

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं, जिसके चलते सीबीएलयू प्रशासन को बार बार विद्यार्थियों के समक्ष आ रही समस्याओं से अवगत करवाया गया हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। इसी कड़ी में सीबीएलयू की परीक्षा शाखा में आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक सचिन शेखावत के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर पवन गुप्ता को मांगपत्र सौंपा तथा समाधान की मांग उठाई। इस मौके पर एबीवीपी भिवानी नगर मंत्री ललित राज एवं ईकाई अध्यक्ष प्रियंकल शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नाकोत्तर परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है तथा 28 दिसंबर को ही विद्यार्थियों की नेट की परीक्षा भी है, इसीलिए विद्यार्थियों की परेशानियों को देखते हुए 28 दिसंबर की परीक्षा को किसी आगामी तिथि के लिए स्थगित किए जाए। इसके अलावा जब तक विवि के पुराने परिसर में परीक्षा शाखा है, तब तक शुल्क काऊंटर को पुराने परिसर में ही रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों को नए कैंपस में आने-जाने की परेशानी का सामना न करना पड़े।

विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार को कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को मुहैया करवाया जाए। विवि की परीक्षा शाखा द्वारा विद्यार्थियों को उनकी अंकतालिका समय पर प्रदान करवाई जाए, ताकि अनंतिम प्रमाणपत्र बनवाने में विद्यार्थियों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े।


दीप प्रज्ज्वलित कर कैंप का शुभारंभ करते।

### चिकित्सा शिविर में 157 रोगियों की जांच

*चरखी दादरी। प्रसिद्ध समाज सेवी स्व. सुबेदार शीशराम की पुण्यतिथि पर गांव बादल में निशुल्क चिकित्सा का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दिवंगत सुबेदार की पत्नी साहब कौर ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में सबसे अहम भूमिका युवा वर्ग की है। इनके सहयोग से ही सामाजिक बुराईयों को पूरी तरह से समाप्त करना संभव है, क्योंकि युवा वर्ग जब तक आगे नहीं आएगा, समाज सशक्त नहीं होगा। कैंप के मुख्य संयोजक दिवंगत सुबेदार शीशराम के पुत्र एवं आर्यन कोचिंग सेंटर संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने बताया कि शिविर के दौरान बादल सहित आसपास के गांवों के रोगियों की निःशुल्क जांच करते हुए उनके बीच दवा वितरण किया। कैंप में रोहतक के ईश्वर आई सेंटर के चिकित्सकों रामचंद्र, निधि, ईश्वर सिंह, राजकुमार व उनके सहयोगियों भूपेंद्र, सुरेंद्र ने अनपी सेवाएं दी।*

### सीआरएम स्कीम के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन 26 से शुरू

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सीआरएम स्कीम के तहत वर्ष 2023.24 के फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यन्त्रों का भौतिक सत्यापन 26 दिसंबर से शुरू किया जाएगा। जिन किसानों ने 30 नवंबर 2023 तक कृषि यंत्र खरीद लिए थे, वे किसान निर्धारित तिथि व समय पर अपने.अपने कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन करवाएं। सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि विभाग द्वारा खंडवाईज भौतिक सत्यापन करने के लिए शैड्यूल तैयार कर दिया गया है। जिन किसानों ने 30 नवंबर 2023 तक कृषि यंत्र खरीदकर उनके बिलए ई.वे बिलए किसान के कृषि यंत्र के साथ जीपीएस लोकेशन की फोटो विभाग के पोर्टल पर निर्माता के माध्यम अपलोड करवा दिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

केवल नाम ही काफी है..
सागर
चाय
REQUIRED : DISTRIBUTOR
Mob: 92152-43212